श्री अशोक गहलोत जी
माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
राजस्थान सरकार, जयपुर

विषय 2 अप्रैल 2018 एससी एसटी द्वारा भारत बंद के दौरान पुलिस द्वारा दर्ज किये गये मुकदमों को वापस लेने के सम्बन्ध में |

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि स्वतंत्रता की तीन चौथाई शताब्दी व्यतीत होने जा रही है इतनी लम्बी अवधि व्यतीत होने के उपरांत भी एससी एसटी वर्ग पर अत्याचार, उत्पीडन समाप्त नही हो रहे हैं | बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर द्वारा इस वर्ग को सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक तथा राजनैतिक क्षेत्र में पिछड़ेपन को मध्यनजर रखते हुए शिक्षा,राजनैतिक व राजकीय सेवाओं में आरक्षण दिलाया गया था | लेकिन आज भी प्रगति ऊंट के मुह में जीरे के समान है | समाज में असमानता उतरोत्तर बढती जा रही है | एससी एसटी वर्ग पर बढ़ते हुए अत्याचार व उत्पीडन तथा आरक्षण की छेड़ छाड की भावना से उपजी उद्वेलिता तथा मार्च 2018 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एससी एसटी एक्ट 1989 निर्णय में संशोधन ने आग में घी डालने का काम किया जिससे सम्पूर्ण देश के एससी एसटी वर्ग में रोष व्याप्त हो गया था | जिसके कारण सम्पूर्ण भारत में 2 अप्रैल 2018 को भारत बंद का आह्वान किया गया था |

फलस्वरूप 2 अप्रैल 2018 को भारत बंद शांति पूर्वक चल रहा था लेकिन आन्दोलन के उत्तरार्द में गैर एससी एसटी वर्ग के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ईर्ष्या वश तोड़-फोड़ कर एससी एसटी वर्ग को बदनाम करने का प्रयास किया था | जिसको लेकर राजस्थान पुलिस द्वारा एससी एसटी वर्ग पर राज्य में 321 मुकदमे दायर किये गये थे जबकि एससी एसटी वर्ग जो इस देश का मूलनिवासी है सदैव शांत वर्ग रहा है देश में खुशहाली व प्रगति चाहता है |

पुलिस द्वारा दायर मुकदमो के लिए तत्कालीन सरकार तथा आपकी सरकार द्वारा कहा गया था की इन मुकदमों/प्रकरणों को वापिस ले लिया जावेगा | एक वर्ष के समय व्यतीत हो जाने के उपरांत भी पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के अनुसार अब तक 14 मुकदमे ही वापिस लिए गये हैं | भारत बंद के दौरान दर्ज 321 प्रकरणों में से केवल 80 में ही एफआर लगाई गयी है तथा शेष प्रकरण अभी तक लंबित है, के कारण विशेषतः युवा वर्ग में उनका भविष्य खराब होने का भय व्याप्त है |

**अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण मंच राज. जिला शाखा ........................**तथा राज्य के समस्त एससी एसटी वर्ग आपसे आशा व विश्वास करता है कि आप 2 अप्रैल 2018 भारत बंद के दौरान दर्ज समस्त मुकदमो को वापिस लेकर अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग को राहत दिलाने की अनुकम्पा करेंगे |

**भवदीय**

**महासचिव** | **अध्यक्ष**
**जिला शाखा ..................** | **जिला शाखा ..................**